नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) संसद में प्रस्तुत की गई पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना में सरकार की नीति उल्लिखित है। इस नीति के कुछ प्रमुख बिन्दू इस प्रकार हैं:—

—विशेष पर्यटन क्षेत्र का विकास।

—संस्कृति अभिमुखी पर्यटन को अवकाश तथा सावकाश पर्यटन में बदलना।

—परिवहन सुविधाओं, हवाई/सड़क में सुधार करना।

—अलग-अलग पर्यटक केन्द्रों पर सस्ता आवास उपलब्ध कराना।

—पर्यटन उद्योग में पूंजी-निवेश के लिए गैर-सरकारी उद्यम को प्रोत्साहित कराना।

(ख) और (ग) पर्यटन का निरंतर विकास किया जाता है। राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए विशिष्ट परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा जाता है जो पारस्परिक प्राथमिकताओं, मामले के गुण-दोष और धन की उपलब्धता पर निर्भर करती है।

एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस के आर्थिक रूप से सक्षम मार्ग

34. **श्री अजीत जोगी:**
श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव:

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इंडियन एयरलाइंस और एयर इंडिया के अनेक मार्ग आर्थिक रूप से सक्षम हैं;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार ने इन मार्गों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए क्या कदम उठाये हैं/उठाने का विचार रखती है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) वर्ष 1991-92 के दौरान एयर इंडिया द्वारा परिचालित सभी मार्गों पर रोकड़ अधिशेष पाया गया है। जहां तक इंडियन एयरलाइन्स का संबंध है, 1991-92 के दौरान परिचालित 168 सेवाओं में से, 25 सेवाएं परिचालन की रोकड़ लागत को भी पूरा नहीं कर सकीं।

(ख) इंडियन एयरलाइन्स की 25 सेवाओं की अक्षमता के मुख्य कारण थे, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में उन स्थानों के लिये परिचालन जहां यातायात के अन्य साधन नहीं हैं, कम भार-गुणक के साथ कुछेक फीडर/पर्यटक सेवाओं का परिचालन, कम दूरी के सैक्टरों पर परिचालन आदि।

(ग) सेवाओं को आर्थिक दृष्टि से साध्य बनाने के लिए जहां तक संभव हो सेवाओं का पुनः मार्ग-निर्धारण, आवृत्तियों को युक्तिसंगत बनाना और विमानों के प्रकार में परिवर्तन करना है।

Multi-crore proposals for Development of Tourism in Madhya Pradesh

35. SHRI AJIT P.K. JOGI:
SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV:

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government of Madhya Pradesh have submitted a multi-crore proposal for the development of tourism in the State;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what action has been taken by the Central Government?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

Identifying places for development of Tourism

36. SHRI AJIT P.K. JOGI:
SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV:

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government propose to undertake any comprehensive survey to identify places for development of tourism in the country;

(b) if so, the details thereof, and if not the reasons therefor; and

(c) what is the total amount spent on the development of tourism during the Seventh Five Year Plan period together with State-wise break up thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) and (b) The National Action Plan for Tourism has identified 17 circuits/ destinations for intensive development of tourism.

(c) The Central Government assistance released to various State U.T. Governments for development of tourism during Seventh Plan period is given below:

Sl. No.	State/U.T.	Financial Assistance released during the 7th Plan Period (Rs. Lakhs)
1	2	3
1	Andhra Pradesh	230.61
2	Arunachal Pradesh	28.00
3	Assam	64.58
4	Bihar	49.00
5	Goa	36.99
6	Gujarat	178.23
7	Haryana	364.04
8	Himachal Pradesh	126.56
9	Jammu & Kashmir	309.50
10	Kerala	749.80
11	Karnataka	151.74
12	Maharashtra	85.59
13	Madhya Pradesh	185.30
14	Nagaland	110.00
15	Orissa	139.92
16	Rajasthan	145.92
17	Sikkim	90.21
18	Manipur	61.25
19	Meghalaya	97.70
20	Mizoram	73.00
21	Punjab	103.83
22	Tamil Nadu	329.01
23	Tripura	77.43
24	Uttar Pradesh	448.20
25	West Bengal	287.69
26	Andaman & Nicobar	162.94
27	Delhi	3.50
28	Lakshadweep	71.86
29	Pondicherry	37.83
	GRAND TOTAL:	4800.23

इंडियन एयरलाइंस की उड़ानों की समय सारणी

37. **श्री अजीत जोगी:**
श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव:

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इंडियन एयरलाइंस की उड़ानों के संचालन में समय-सारणी को कोई महत्व नहीं दिया जाता;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) इंडियन एयरलाइंस के विमानों की उड़ानों के संबंध में समय-सारणी का पालन करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया): (क) जी, हां।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) इंडियन एयरलाइंस की उड़ानों में समय-पाबंदी को बनाए रखने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:—

(1) समय पर कार्य निष्पादन की निकट से निगरानी रखना।

(2) उड़ानों के बीच अंतराल के रूप में संशोधित ब्लाक टाइम और वर्धित ग्राउंड टाइम को मिलाकर समयावलि का युक्तिकरण।

(3) क्षेत्रों और मुख्यालयों पर खराबियों में सुधार के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा।

(4) सप्लाई की समय पर सुपुर्दगी के लिए कलपुर्जों के निर्माताओं के साथ निकट से संपर्क रखना।

(5) वैकल्पिक विमान की व्यवस्था।